CLASS – IV (सामान्य ज्ञान)

# [Nagar Panchayat]

प्रश्न :- नगर पंचायत किसे कहते हैं?

उत्तर :- नगर पंचायत (Nagar Panchayat) भारत में ऐसी प्रशासनिक बस्ती को कहते हैं जो गाँव से बड़ी हो लेकिन अभी नगर के दर्जे तक नहीं पहुँची हो।

प्रश्न :- नगर पंचायत के सदस्यों का चुनाव किस प्रकार होता है?

उत्तर :- नगर पंचायत क्षेत्र में रहनेवाले वयस्क मतदाता द्वारा नगर पंचायत के सदस्यों का चुनाव किया जाता है।

प्रश्न :- नगर पंचायत की स्थापना कितनी जनसंख्या वाले नगर पंचायतों में की जाती है?

उत्तर :- नगर पंचायत की स्थापना 20000 हजार से उपर वाले नगर पंचायतो में की जाती है।

प्रश्न :- नगर पंचायत में चुने हुए सदस्य को क्या कहा जाता है?

उत्तर :- नगर पंचायत में चुने हुए सदस्य को वार्ड कमिश्नर कहा जाता है।

प्रश्न :- नगर पंचायत में सदस्यों की संख्या कितनी होती है?

उत्तर :- नगर पंचायत में सदस्यों की संख्या कम से कम 10 एवं अधिक-से अधिक 40 होती है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- नगर पंचायत का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर:- नगर-पंचायत का कार्यकाल 5 वर्षों का होता है।

प्रश्न:- नगर पंचायत का प्रधान कौन होता है?

उत्तर:- नगर पंचायत का प्रधान अध्यक्ष (chairman) होता है।

प्रश्न:- अध्यक्ष की गैर-मौजूदगी में उनके कार्यों का निष्पादन कौन करता है?

उत्तर:- अध्यक्ष की गैर-मौजूदगी में उनके कार्यों का निष्पादन उपाध्यक्ष (vice-chairman) करता है।

प्रश्न:- नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव किस प्रकार किया जाता है?

उत्तर:- नगर पंचायत में चुने हुए सदस्यों के बीच से एक अध्यक्ष एवं एक उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाता है।

प्रश्न:- अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर:- अध्यक्ष (chairman) एवं उपाध्यक्ष (vice-chairman) का कार्यकाल 5 वर्षों का होता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :— राज्य सरकार का कौन-सा पदाधिकारी नगर-पंचायत के प्रशासनिक कार्यों का संचालन करता है?

उत्तर:— राज्य सरकार का कार्यपाल पदाधिकारी (Executive officer) नगर पंचायत के प्रशासनिक कार्यों का संचालन करता है।

प्रश्न :— नगर पंचायत के मुख्य कार्य क्या हैं?

उत्तर:— नगर-पंचायत के मुख्य कार्य सफाई, स्वास्थ्य, शुद्ध पेय जल, सड़कों एवं गलियों में रोशनी का प्रबंध करना है।

Scanned with CamScanner

# सम-सामयिकी (Current Affairs)

1. प्रश्न:- केन्द्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री कौन हैं?
:— राम विलास पासवान

2. केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री कौन हैं?
:— रमेश पोखरियाल निशंक

3. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कौन हैं?
:— शिवराज सिंह चौहान

4. युवा मामलें और खेल मंत्री कौन हैं?
:— किरेन रिजिजू

5. अमेरिका के राष्ट्रपति कौन हैं?
:— डोनाल्ड ट्रम्प

6. कतर किस महाद्वीप में स्थित है?
:— एशिया

7. भारत की पहली कोरोना वैकसीन का ह्यूमन ट्रायल किस एम्स में किया गया है?
:— (AIIMS) दिल्ली

8. भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील कहाँ है? :— चिल्का झील (ओडिशा)

9. रूस के राष्ट्रपति कौन है? — ब्लादिमीर पुतिन

Scanned with CamScanner

## [नगरपालिका]

प्रश्न :- नगरपालिका क्या है?

उत्तर - यह एक स्थानीय स्वशासन की संस्था है, जिसकी स्थापना छोटे शहरों में की जाती है।

प्रश्न :- छोटे शहरों की देखभाल किस संस्था द्वारा होती है?

उत्तर :- छोटे शहरों की देखभाल के लिए नगरपालिका के द्वारा होती हैं।

प्रश्न :- नगरपालिका के मुख्य कार्य क्या हैं?

उत्तर :- नगरपालिका के मुख्य कार्य सफाई, स्वास्थ्य, शुद्ध पेय जल, सड़कों एवं गलियों में रौशनी आदि का प्रबंध करना।

प्रश्न :- नगरपालिका की स्थापना कितनी जनसंख्यावाले नगरों में की जाती है?

उत्तर :- नगरपालिका की स्थापना ऐसे नगरों में जिनकी जनसंख्या चालीस हजार से ऊपर हो।

प्रश्न :- नगरपालिका परिषद के सदस्यों का चुनाव किस प्रकार किया जाता है?

उत्तर :- नगरपालिका परिषद के सदस्यों का चुनाव नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाले वयस्क मतदाता द्वारा किया जाता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- नगरपालिका परिषद में चुने हुए सदस्यों को क्या कहा जाता है?

उत्तर :- नगरपालिका के परिषद में चुने हुए सदस्यों को वार्ड कमिश्नर कहा जाता है।

प्रश्न :- नगरपालिका के परिषद में सदस्यों की संख्या कितनी होती है?

उत्तर :- नगरपालिका के परिषद में सदस्यों की संख्या कम से कम 10 एवं अधिक से अधिक 40 होती है।

प्रश्न :- नगरपालिका के परिषद का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर :- नगरपालिका के परिषद का कार्यकाल 5 वर्षों का होता है।

प्रश्न :- नगरपालिका का प्रधान कौन होता है?

उत्तर :- नगरपालिका का प्रधान अध्यक्ष होता है।

प्रश्न :- अध्यक्ष के गैर-मौजूदगी में उनके कार्यों का निष्पादन कौन करता है?

उत्तर :- अध्यक्ष के गैर-मौजूदगी में उनके कार्यों का निष्पादन उपाध्यक्ष (Vice-Chairman) करता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- नगरपालिका के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव किस प्रकार होता है?

उत्तर :- नगरपालिका परिषद में चुने हुए सदस्यों के बीच से एक अध्यक्ष एवं एक उपाध्यक्ष का चुनाव होता है

प्रश्न :- अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर :- अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का कार्यकाल 5 वर्षों का होता है।

प्रश्न :- राज्य सरकार का कौन सा पदाधिकारी नगरपालिका के प्रशासनिक कार्यों का सञ्चालन करता है?

उत्तर :- राज्य सरकार का कार्यपालक पदाधिकारी (Executive officer) नगरपालिका के प्रशासनिक कार्यों का सञ्चालन करता है।

## [नगर - निगम] [Nagar Nigam]

प्रश्न :- नगर-निगम क्या है?

उत्तर :- यह एक स्थानीय स्वशासन की संस्था है जिसकी स्थापना बड़े शहरों में की जाती है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बड़े शहरों में स्थानीय स्वशासन की कौन-सी संस्था कार्य करती है?

उत्तर :- बड़े शहरों में स्थानीय स्वशासन की संस्था नगर-निगम कार्य करती हैं।

प्रश्न :- बिहार में पहले कितने नगरों में नगर-निगम की स्थापना की गई है?

उत्तर :- बिहार के पहले पाँच नगरों में नगर-निगम की स्थापना की गई हैं।

I. पटना, II. दरभंगा III. मुजफ्फरपुर IV. गया V. भागलपुर

प्रश्न :- पटना नगर-निगम की स्थापना कब हुई?

उत्तर :- पटना नगर-निगम की स्थापना 15 अगस्त 1952 ई० को हुई।

प्रश्न :- नगर-निगम के मुख्य कितने अंग हैं?

उत्तर :- नगर-निगम के मुख्य तीन अंग हैं।

I. नगर-परिषद II. स्थायी समिति III. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

प्रश्न :- बिहार में नगर-निगम की संख्या कितनी है?

उत्तर :- बिहार में नगर-निगम की संख्या 12 है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- नगर-निगम परिषद के सदस्यों को क्या कहा जाता है?

उत्तर :- नगर-निगम परिषद के सदस्यों को वार्ड कौंसिलर (पार्षद) कहा जाता है।

प्रश्न :- वार्ड कौंसिलर (पार्षद) का चुनाव किस प्रकार किया जाता है?

उत्तर :- वार्ड कौंसिलर (पार्षद) का चुनाव वयस्क मतदाता द्वारा किया जाता है।

प्रश्न :- वार्ड कौंसिलर का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर :- वार्ड कौंसिलर (पार्षद) का कार्यकाल 5 वर्षों का होता है।

प्रश्न :- अब बिहार में कुल कितने नगर-निगम हैं?

उत्तर :- अब बिहार में कुल 12 नगर-निगम है।

1. पटना 2. भागलपुर 3. मुजफ्फरपुर 4. गया 5. बिहारशरीफ 6. दरभंगा 7. आरा 8. बेगूसराय 9. पूर्णिया 10. कटिहार 11. मुंगेर 12. छपरा

प्रश्न :- नगर-निगम का प्रधान कौन होता है?

उत्तर :- नगर-निगम का प्रधान महापौर (मेयर) होता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- मेयर (महापौर) की गैर - मौजूदगी में उनके कार्यों का निष्पादन कौन करता है?

उत्तर :- महापौर (मेयर) की गैर-मौजूदगी में उनके कार्यों का निष्पादन डिप्टी मेयर (उप-महापौर) करता है।

प्रश्न :- महापौर और उप-महापौर का चुनाव किस प्रकार होता है?

उत्तर :- नगर-निगम परिषद क्षेत्र से चुने हुए सदस्यों में से एक महापौर तथा एक उप-महापौर का चुनाव करती है।

प्रश्न :- महापौर और उपमहापौर का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर :- महापौर और उप-महापौर का कार्यकाल एक(1)वर्ष का होता है।

प्रश्न :- नगर-निगम का प्रथम व्यक्ति कौन होता है?

उत्तर :- नगर-निगम का प्रथम व्यक्ति मेयर (महापौर) होता है।

प्रश्न :- स्थायी समिति का अध्यक्ष कौन होता है?

उत्तर :- स्थायी समिति का अध्यक्ष मेयर (महापौर) होता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- नगर - निगम का सबसे बड़ा पदाधिकारी कौन होता है?

उत्तर :- नगर - निगम का सबसे बड़ा पदाधिकारी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (Chief Executive officer) होता है।

प्रश्न :- नगर - निगम के सभी कार्यों का उत्तरदायित्व किस पर होता है?

उत्तर :- नगर - निगम के सभी कार्यों का उत्तरदायित्व मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी पर होता है।

प्रश्न :- नगर - निगम का वास्तविक शासक कौन होता है?

उत्तर :- नगर - निगम का वास्तविक शासक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी होता है?

प्रश्न :- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति कौन करता है?

उत्तर :- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार करती है।

प्रश्न :- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति कितने वर्षों के लिए होता है?

उत्तर :- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति पाँच वर्षों के लिए होता है।

Scanned with CamScanner

CLASS - IV

प्रश्न:- नगर-निगम के स्थायी समिति के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?

उत्तर:- नगर-निगम के स्थायी समिति के सदस्यों का कार्यकाल 2 (दो) वर्षों का होता है।

प्रश्न:- पटना नगर-निगम की स्थापना कब हुआ?

उत्तर:- पटना नगर-निगम की स्थापना 15 अगस्त 1952 ई० में हुआ।

प्रश्न:- पटना नगर-निगम के निगम परिषद में सदस्यों की संख्या कितनी है?

उत्तर:- पटना नगर-निगम के निगम परिषद में सदस्यों की संख्या 52 है।

प्रश्न:- पटना नगर निगम के निगम परिषद के निर्वाचित सदस्यों की संख्या कितनी है?

उत्तर:- पटना नगर-निगम के निगम परिषद के निर्वाचित सदस्यों की संख्या 37 है।

प्रश्न:- पटना नगर-निगम के निगम परिषद में मनोनित सदस्यों की संख्या कितनी है?

उत्तर:- पटना नगर-निगम के निगम परिषद में मनोनित सदस्यों की संख्या 15 है।

प्रश्न:- पटना नगर-निगम के क्षेत्र को कितने वार्डों में बाँटा गया है?

उत्तर:- पटना नगर निगम के क्षेत्र को 72 वार्डों में बाँटा गया है।

Scanned with CamScanner